कॉलेज स्टूडेंट्स के लीये ऑडिशन स्क्रिप्ट | Monologue Script For Male in Hindi

पूर्वकल्पना:

एक कॉलेज का ग्रुप है , कॉलेज को छुट्टी है सोचकर सभी ट्रिप पर जाने का प्लान बनाते है | खास बात है है की सब बाइक से जाने का सोचते है | ग्रुप मे बहुत सी लड़किया और लड़के भी रहते है | निकलने के कुछ समय बाद एक जगह पर वे रुकते है, तभी उनके ध्यान मे आता है की उनके ग्रुप की एक लड़की गायब है | इसी कारण वे सभी बहुत ही दर जाते है |

पात्र :

राकी (25 year)

वेळ :

1 मिनट 30 सेकंद

Audition Script in Hindi For Male | मोनोलॉग स्क्रिप्ट फॉर मेल इन हिन्दी

वैसे आजकी ये ट्रिप यादगार होनेवाली है ।देखो ना मौसम भी कितना अच्छा है, कॉलेज को भी छुट्टी है साथ हि हम सब के पेरेंट्स भी मान गये गाइस। इससे और खुशी की बात क्या हो सकती है ?

(अचानक विक्रम की और देखकर)

अरे विक्रम तु अकेला ? गौरी तुम्हारे साथ हि थी ना ? अरे देख क्या रहा है ? गौरी ...तुम्हारे साथ हि थी ना? अरे ऐसा क्या देख रहा है ? प्लानिंग के हिसाब से गौरी को तु घर से पिक करनेवाला

था ? तो क्या हुवा? नहीं आयी क्या ? आयी थी ? तो फिर है कहा ? तु होश मे तो है ना अपने ग्रुप की एक लड़की गायब है जो की ट्रिप पर हमारे साथ मे आयी थी।

विक्रम पुरी बात बता क्या हुवा है exactly, अरे कुछ तो बोल। अगर तु नहीं बोलेगा तो हमे कैसे पता चलेगा ? .... क्या ? किडनैप ! अब क्या करेंगे ? मेरा तो दिमाख ही काम करना बंद हुवा है। फ्रेंड्स पुलिस मे कंप्लेंट करते है क्या ? की उसके फॅमिली को पहले इन्फॉर्म करे ? राहुल उसके पापा को कॉल करके बता ना की ऐसा ऐसा हुवा है ।

तुम लोक भी ना, सिचुएशन समजने की कोशिश करो। छोड़ मे करता हु कॉल। हल्लो अंकल मै रोकी बोल रहा हु वो ....वो ...हा हा बोल रहा हु....वो गौरी को किसीने किडनैप किया है । देखिए गौरी को कुछ नहीं होगा | अंकल आप डरिये मत हम लोग है, हम उसको ढूंढ रहे है और पुलिस मे भी कॉल की है हमने ।

हम लोग साथ मे हि जा रहे थे पर अचानक से एक गाड़ी आयी, उसमेसे कुछ लोग उतरे और गौरी को उठा ले गये। हांजी आप को मै लाोकेशन भेज देता हु आप पहुँच जाईये। गौरव ,रघु आप लोग जरा फिरसे उस लोकेशन पर जाकर चेक करो शायद हमे कुछ क्लू मिले । अभी उसे हमारी मदत की जरूरत है यार हमे जल्द से जल्द कुछ करना होगा।

और एक बात जबतक गौरी मिल ना जाति कोई भी किसीसे भी ये बात शेयर नहीं करेगा, क्यो की अगर ये बात लिक हुयी और हमारे कॉलेज तक पहुंची तो हम सबकी नाक तो कटेगी और हमारे पेरेंट्स भी हमे कहिके नहीं छोड़ेंगे।

हेल्लो ...हा सर रोकी बोल रहा हु। जी... एक मिनट हा पूछता हु विक्रम जिन लोगो ने गौरी का किडनैप किया है उनका चेहरा कुछ याद है तुमको या फिर गाड़ी का नंबर कुछ भी । जी सर नहीं वो ऑलरेडी बहुत डरा हुवा है कुछ बोलने को तैयार हि नहीं है।जी सर हमने उसके घर पे बता दिया है, उसके पापा अभी आते हि होंगे,और आप भी प्लीज पहुँच जाइये हमे बहुत डर लग रहा है । ठीक है सर मै आपको गौरी के पापा का नंबर भेज देता हु ।